AH – 1375 CV-19

B.A. Private (Part –I)

Term End Examination 2019-20

Hindi Literature

Paper – II

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्नो के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की संसदर्भ व्याख्या कीजिए:

क. हर साल अरबों रुपयें केवल सोना चॉदी खरीदने में व्यय हो जाते हैं। संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं । तो बात क्या है ? उन्नत देश में धन व्यापार में लगता है जिससे लोगों की परिवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहॉ धन श्रृंगार में खर्च होता है। उनमें उन्नति और उपकार की जो महान शक्तियॉ है, उन दोनों का ही अंत हो जाता है, बस यही समझ लो कि जिस देश के लोग जितने ही मूर्ख होंगें, वहॉ जेवरों का प्रचार भी उतना ही अधिक होगा।

ख. देने वाले का हदय देखना चाहिए। प्रेम से यदि वह मुझे एक छल्ला भी दे दें, तो मैं दोनों हाथों से ले लूँ।जब दिल पर जब्र करके दुनिया की लाज से या किसी के धिक्कारनें से दिया,
तो क्या दिया। दान भिखारियों को दिया जाता है।मैं किसी का दान न लूँगी, चाहे वह माता ही क्यों न हों ?

ग. महाविनाश! परन्तु मुझे उन दिनों की स्मृति सुहावनी लगती है, जब तुम्हारे पास एक ही नाव थी और चम्पा के उपकूल में पुष्प लादकर हम सुखी जीवन बिताते थे।

घ. इस दृश्य को देख सकने की ताव चौधरी में न थी, परन्तु द्वार पर खडी भीड़ ने देखा– लडकियॉ , औरतें पर्दे के दूसरी ओर घटती घटना के आतंक से ऑगन के बीचों–बीच इकठ्ढी हो खडी कॉप रही थी। सहसा पर्दा हट जाने से औरतें ऐसे सिकुड गई जैसे शरीर का वस्त्र खींच लिया गया हो। यह पर्दा ही तो घर भर की औरतों के शरीर का वस्त्र था।

ड. वार्तालाप उसी रौ में बह रहा था जिस रौ में गिलास भरे जा रहे थे। कहीं कोई रुकावट न थी। कोई अड़चन न थी । साहब को व्हिस्की पसंद आयी थी । मेम साहब को पर्दे पसन्द आये थे, सोफा कवर का डिजाइन पसन्द आया था। कमरे की सजावट पसंद आयी थी। उससे बढकर क्या चाहिये।

2. 'गबन' उपन्यास स्त्रियों के आभूषण प्रियता का एक दस्तावेज है। समझाइए।

अथवा

'गबन' उपन्यास का नायक आप किसे मानते है? उनके चरित्र की प्रमुख विशेषताऍ बताइए।

3. 'मलबे का मालिक' कहानी का सार –संक्षेप लिखिए।

अथवा

कहानी तत्वों के आधार पर 'गदल' कहानी की समीक्षा कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्ही तीन पर टिप्पणियॉ लिखिए :

क. कफन कहानी के पात्र परिचय ।
ख. उपेन्द्रनाथ 'अश्क' का संक्षिप्त परिचय।
ग. बाल शौरी रेड्डी का काव्यशिल्प।
घ. शिवानी का रचना संसार ।
ड. ठेस कहानी की शीर्षक की सार्थकता।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. आभूषण पर आधारित प्रेमचंद के उपन्यास का क्या नाम हैं ?
ख. सिरचन किस कहानी का पात्र है ?
ग. आकाश दीप कहानी के नायक का नाम क्या है ?
घ. 'मलबे का मालिक' किस समस्या पर आधारित है ?
ड. उपेन्द्रनाथ अश्क के दो रचनाओं के नाम लिखिए।
च. बालशौरि रेड्डी किस प्रांत के निवासी हैं ?
छ. शिवानी का जन्म कब हुआ था ?
ज. 'घीसू ' किस कहानी का पात्र है ?
झ. 'शामनाथ' किस कहानी का पात्र है ?
ञ. 'चीफ की दावत' के रचनाकार कौन है?
ट. भीष्म साहनी का जन्म कहॉ हुआ था ?
ठ. परदा कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।